एनएमआरसी मेट्रो स्टेशन से ऑटो एक्सपो के लिए सीधी कनेक्टिविटी

एक्वा लाइन मेट्रो • जागरण आर्काइव

जासं, नोएडा : पांच से 12 फरवरी तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने जा रहे ऑटो एक्सपो-2020 के लिए नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) लोगों को विशेष सुविधा देने जा रही है। एनएमआरसी ने मेट्रो की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के साथ ऑटो से सीधे कनेक्टिविटी की योजना तैयार की है। एक्वा लाइन यात्रियों को सीधे ऑटो एक्सपो स्थल से जोड़ेगी। एक्वा लाइन के यात्री नॉलेज पार्क-टू स्टेशन तक यात्रा कर सकते हैं। यह स्टेशन प्रदर्शनी स्थल के सबसे ज्यादा निकट, यानी महज 500 मीटर की दूरी पर है। इस दूरी को पार करने के लिए यहां 10 ई-रिक्शा चलाई जाएंगी, जिसका अधिकतम किराया प्रति व्यक्ति 10 रुपये होगा। मेट्रो स्टेशनों से ही एक्सपो के टिकट लिए जा सकेंगे।

वहीं, ऑटो एक्सपो व एनएमआरसी की सुविधाओं की जानकारी के लिए डीएमआरसी के ब्लू लाइन मेट्रो स्टेशनों सेक्टर-18, बॉटेनिक गार्डन, सेक्टर-52 और मजेंटा लाइन के कालिंदी कुंज मेट्रो स्टेशनों पर हेल्पडेस्क बनाई जाएगी। एक्सपो आने वाले लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एनएमआरसी पीक आवर्स के दौरान छह मिनट और नॉन पीक आवर्स में 7.5 मिनट के अंतराल पर मेट्रो चलाएगी। मेट्रो के सेक्टर-51, सेक्टर-137 एवं नॉलेज पार्क-2 स्टेशनों पर एक्सपो के टिकट मिलेंगे।

रफ्तार के दीवानों को यातायात का पाठ पढ़ाएगी पुलिस

जागरण संवाददाता, नोएडा : आज से ऑटो एक्सपो का शुभारंभ हो रहा है। एक्सपो में अगले एक हफ्ते तक रफ्तार और रोमांच के दीवानों के लिए कई स्पोर्ट्स बाइकों के साथ लग्जरी चार पहिया वाहनों से पर्दा उठाया जाएगा, लेकिन युवाओं के लिए रफ्तार की यह दीवानगी उनकी जान को जोखिम में न डाल दें, इसलिए पुलिस ऐसे लोगों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाएगी, जिससे वह सड़क पर सुरक्षित वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करें।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) यातायात राजेश एस ने बताया कि ऑटो मोबाइल कंपनियां करीब 70 नए वाहनों की लांचिंग करेंगी। जिसमें कई स्पोर्ट्स और लग्जरी वाहन शामिल है। इन वाहनों को खासतौर से विदेशी सड़कों के अनुरूप तैयार किया गया है। इन वाहनों को चलाने वाले लोगों की जरा सी अनदेखी उनके साथ दूसरों की जान को जोखिम में डाल सकती है, इसलिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। ऑटो एक्सपो में प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोगों

ऑटो एक्सपो में यातायात पुलिस का भी एक विशेष स्टॉल होगा, जहां यातायात सिपाही लोगों को यातायात नियमों की जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

-राजेश एस, डीसीपी ट्रैफिक

को आने का अनुमान है। इसलिए यातायात पुलिस के पास एक बेहतर अवसर है कि हम लोगों को यातायात नियमों की जानकारी उपलब्ध कराएं। ऑटो एक्सपो में यातायात पुलिस का एक विशेष स्टॉल होगा। जहां से वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने के फायदे से अवगत कराते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने के प्रति सजग किया गया। साथ ही स्कूली छात्रों की मदद से लोगों को नुक्कड़ के जरिए जागरूक किया जाएगा।

डीएनडी से एक्सपो मार्ट तक चौकस रहेगा यातायात

जागरण संवाददाता, नोएडा : ऑटो एक्सपो के दर्शकों की भीड़ शहर में जाम का सबब बन सकती है। इसकी सबसे बड़ी वजह कालिंदी कुंज मार्ग का बंद होना है। इसके चलते यातायात पुलिस ने डीएनडी से एक्सपो मार्ट तक का सफर ब्रेक फ्री बनाने के लिए कमर कस ली है। यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए करीब 125 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

एडीसीपी ट्रैफिक अनिल झा ने बताया कि ऑटो एक्सपो में इस वर्ष भी लाखों दर्शकों की भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। इसके चलते ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। नॉलेज पार्क-2 के अलावा नासा पार्किंग को विकल्प के लिए चुना गया है। हालांकि, सबसे बड़ी पार्किंग ऑटो एक्सपो के पास खाली पड़ी जमीन पर ही बनाई जाएगी। यहां ए, बी, सी और डी ब्लॉक बनाए जा रहे हैं, जहां वाहन खड़े कर दर्शक एक्सपो मार्ट जा सकेंगे। एक्सप्रेस-वे पर जाम जैसे हालात पैदा न हों। ऐसे में डीएनडी, नलगढ़ा अंडर पास, गलगोटिया कॉलेज तक एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन यातायात सिपाही तैनात किए जाएंगे। पार्किंग से निकलने वाले वाहन ही सर्विस लेन का प्रयोग कर सकेंगे। इस बार लोगों को मेट्रो से भी सफर करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिससे सड़कों पर होने वाला दबाव कम हो सके।

मेट्रो स्टेशनों पर तैनात रहेंगे यातायातकर्मी

एडीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि ऑटो एक्सपो के चलते लोगों से मेट्रो से सफर करने की अपील की जा रही है। जिससे सड़क पर होने वाला जाम खत्म हो सके। इसके चलते ही बॉटेनिकल गार्डन, ओखला बर्ड सेंचुरी, सैक्टर-52 मेट्रो स्टेशन, नॉलेज पार्क मेट्रो स्टेशन पर अतिरिक्त कर्मी लगाए जाएंगे।